प्रेस विज्ञप्ति

''राष्ट्रीय एकता दिवस 31.10.2022 पुलिस फोर्स द्वारा शहर के मुख्य बाजार में मार्च-पास्ट''

दिनांकः-31.10.2022

आज दिनांक 31.10.2022 को देशभर में सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सायं 05.00 बजे श्री उम्मेद राजकीय स्टेडियम जोधपुर से पुलिस आयुक्तालय जोधपुर, जोधपुर ग्रामीण, प्रथम बटालियन आर.ए.सी. जोधपुर, आरपीटीसी, पीटीएस व यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा संयुक्त मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। जिसमें तीन बैण्ड जोधपुर आयुक्तालय, आरपीटीसी व आरएसी सम्मिलित हुए। जो बैण्ड ध्वनि के साथ मार्च पास्ट के आगे रहें। मार्च-पास्ट का रूट- श्री राजकीय उम्मेद स्टेडियम जोधपुर से रवाना होकर गौराधाय छत्री, नई सडक चौराहा, घण्टाघर चौराहा होकर घण्टाघर के अन्दर पहुॅच कर सम्पन्न हुआ।

मार्च-पास्ट का उदेश्य-जोधपुर शहर के नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं सुरक्षा का सन्देश दिया गया।

सायं 06.00 बजे यातायात शाखा आयुक्तालय जोधपुर के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के उपलक्ष में एक मोटरसाईकिल रैली को नई सडक चौराहा से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जो नई सडक चौराहा से रवाना होकर जालौरी गेट चौराहा, बाहरवीं रोड चौराहा, मेडिकल चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, पाॅचबती चौराहा, रातानाडा चौराहा से नई सडक चौराहा पहुॅच कर सम्पन्न हुई।

(चैनसिंह महेचा)

लाईजनिंग अधिकारी
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

ASHTA VINAYAK
ATM
Welcure Dental Clinic
ATM

कोठी वाले बालाजी

SPORTS

यातायात पुलिस कमिश्नरेट
जोधपुर

यातायात पुलिस कमिश्नरेट
जोधपुर